प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 12.11.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा कल भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से रांची तक निकालेगी पदयात्रा; 15 नवंबर को समाधि स्थल पर होगा समापन।**
2. **निशा भगत आत्महत्या मामले में सियासत गरमाई; भाजपा ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की, तो झामुमो ने सीबीआई जांच की अनुशंसा का हवाला देकर किया पलटवार।**
3. **मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 18 नवंबर को राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर लगेगा एक और अवसर कैंप; मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– पात्र नागरिक फॉर्म–6 भरकर उठा सकेंगे लाभ।**
4. **मैट्रिक और इंटर परीक्षा शुल्क में लगातार दूसरे वर्ष की गई बढ़ोतरी का झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने किया विरोध; सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग।**
5. **रांची में छोटे करदाताओं के लिए फास्ट–डीएस 2026 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित; 31 दिसंबर तक स्वैच्छिक प्रकटीकरण की अपील।**

****

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कल खूंटी के उलिहातू से रांची तक पदयात्रा निकालेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने प्रेस वार्ता में बताया कि सुबह 10 बजे शुरू होने वाली इस पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

****

लोहरदगा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा कि यह दिवस आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में योगदान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के उलगुलान और केंद्र सरकार की जनजातीय कल्याण योजनाओं को समाज के सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

****

जमशेदपुर में भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों से जुड़े मामलों को लेकर सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को आदिवासी समुदाय की कोई चिंता नहीं है और आने वाले दिनों में समाज के सम्मान से जुड़े इन विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

****

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने रांची में कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने गुमला जाकर मृतका निशा भगत के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी होने के कारण अजय तिर्की को बचाया जा रहा है, और फेसबुक लाइव में नामित आरोपियों व पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

****

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने निशा भगत आत्महत्या मामले में पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर थाना प्रभारी के निलंबन और सीबीआई जांच की अनुशंसा जैसी त्वरित कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है। उन्होंने विपक्ष पर मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

साउंड बाइट – मनोज पांडेय ऑन पलटवार – 18 सेकेंड

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जांच में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

****

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। उन्होंने झारखंड की

कानून–व्यवस्था पर चिंता जताते हुए निशा भगत मामले के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और सीबीआई जांच के दस्तावेज शीघ्र केंद्र को भेजने की मांग की।

****

राज्य में 18 नवंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर एक और अवसर कैंप लगेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष पूरे कर चुके छूटे नागरिक फॉर्म–6 से नाम जुड़वा सकते हैं। नागरिक और दल विवरण व्हाट्सऐप नंबर 6200079297 पर भी भेज सकते हैं।

****

झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा शुल्क में लगातार दूसरे वर्ष की गई बढ़ोतरी पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इसे गरीब व मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बताते हुए राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर पुरानी दरें बहाल करने की मांग की है।

****

रांची के केंद्रीय राजस्व भवन में आज फास्ट–डीएस 2026 योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छोटे करदाताओं को अघोषित विदेशी संपत्तियों और आय के स्वैच्छिक प्रकटीकरण की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 16 अगस्त से 31 दिसंबर 2026 तक प्रकटीकरण कर करदाता सरल प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं और कानूनी कार्रवाई से बच सकते हैं।

****

हजारीबाग के नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा प्रेस क्लब परिसर में पत्रकारों के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में आज एक दिवसीय धरना दिया गया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन मिला। पत्रकारों का आरोप है कि नगर निगम की टेंडर प्रक्रिया पर खबर प्रकाशित करने के कारण यह अनुचित कार्रवाई की गई है।

****

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा, जिसे लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इधर, रांची ट्रैफिक पुलिस ने 15 और 16 नवंबर के लिए विशेष यातायात योजना लागू की है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि इस दौरान शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, घाटों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग बंद रहेंगे और श्रद्धालुओं के लिए 13 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

****

राज्य में अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

********समाप्त*********